# चुनाव के समय किए गए हर वादे-आश्वासन पूरे किए जाएंगे : डॉ . मोहन यादव

## हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से अमरवाड़ा में बना जीत का नया इतिहास : श्री विष्णुदत्त शर्मा

- अमरवाड़ा की जीत जनता एवं लोकतंत्र की जीत है
- प्रधानमंत्री जी के प्रति जनता के अथाह विश्वास से छिंदवाड़ा व अमरवाड़ा में मिली विजय



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 16 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में रोड शो कर आभार सभा को संबोधित किया एवं 127 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।**

आभार सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा की जीत आपकी जीत है, लोकतंत्र की जीत है। लोकसभा चुनाव के पहले लोग कह रहे थे कि ये इनका गढ़ है, उनका गढ़ है। हमने कहा था ये किसी का गढ़ नहीं, सब गड़बड़ है। छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा की जीत के साथ जनता-जनार्दन ने इसे सही साबित कर दिया है। इसके लिए आप सभी का अभिनंदन, बहुत-बहुत बधाई। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा की जनता का अथाह विश्वास है। जनता के इसी विश्वास और आशीर्वाद से भाजपा को लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में ऐतिहासिक विजय मिली है। आभार सभा को अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने भी संबोधित किया। आभार सभा से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शक्ति केन्द्र प्रभारियों व संयोजकों की बैठक को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कांग्रेस का जमाना पारिवारिक राजपाट का जमाना था। पहले भाई साहब, फिर भाभी जी, फिर बेटा। ये लोग चुनाव लड़ते थे और जीतकर उड़ जाते थे। लेकिन इस चुनाव में आपने बड़ा झपट्टा मारा और लाखों वोटों से फैसला करके उन लोगों का हिसाब चुकता कर दिया, जो दशकों से छिंदवाड़ा के नाम पर लाभ ले रहे थे। अब चिड़िया भी गई और बच्चा भी गया। लोकसभा और विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को डबल इंजन सरकारों के कामकाज के आधार पर सफलता मिली है और पूरी जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आकर खड़ी हो गई। डॉ. यादव ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार छिंदवाड़ा का स्थानीय बेटा सांसद बना है और कमलेश शाह आपके विधायक बने हैं। चुनाव के दौरान भ्रम फैलाने वालों और दुष्प्रचार करने वालों को अब कुछ समझ नहीं आ रहा है, जनता उन्हें सड़क पर ले आई है।

### कोई वादा अधूरा नहीं रहेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने जो वादे किए थे, आप सभी को ये भरोसा दिलाता हूं कि उनमें से कोई वादा, कोई आश्वासन अधूरा नहीं रहेगा। आज भी हमने 127 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास किया है और आपकी अन्य मांगें भी पूरी करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश का मोरमुकुट है। यह नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यहां खेतों की हरियाली कम नहीं होने देंगे, हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। जिन लोगों को बांध का मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें मुआवजा देंगे। युवाओं के लिए हमारी सरकार 2 लाख नई नौकरियां देने वाली है। इसके अलावा जो युवा परीक्षाओं की कोचिंग करना चाहते हैं, उनकी फीस, रहने की व्यवस्था सरकार करेगी। जिन आदिवासी भाईयों के पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जायेंगे। सीएम आवास योजना की किश्ते जो लोग नहीं भर पाए हैं, उनकी किश्तें भी सरकार भरेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में अब प्रदेश के तीर्थस्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### कांग्रेस की छल-कपट की राजनीति को छिंदवाड़ा जिले की जनता ने नकार दिया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा ने कहा कि पहले लोकसभा चुनाव फिर अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने झूठ, छल-कपट की राजनीति करने की कोशिश की। लेकिन छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा की जनता ने कांग्रेस की छलकपट की राजनीति को नहीं चलने दिया, नकार दिया। छिंदवाड़ा की जनता ने पहले लोकसभा फिर अमरवाड़ा उपचुनाव में कांगेस की नकारात्मक राजनीति को नकार कर भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

### भाजपा विकास के लिए संकल्पित है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और भाजपा की डबल इंजन सरकार अब छिंदवाड़ा का विकास करेगी। विकास की बातें करने वालों ने छिंदवाड़ा का कोई विकास नहीं किया था। भाजपा और भाजपा सरकार छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा के विकास के लिए संकल्पित है। इस क्षेत्र के विकास में भाजपा विधायक कमलेश शाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चुनाव के समय भाजपा ने जो कहा, वह भाजपा सरकार कर रही है। आज ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमरवाड़ा में 127 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देते हुए भूमिपूजन-शिलान्यास किया है। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अमरवाड़ा के हर गांव में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 25 करोड़ की सौगात दी है।

### रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने अमरवाड़ा में सकरवाड़ा चौराहे से होटल तुलसा तक रोड-शो कर अमरवाड़ा उपचुनाव में मिली भाजपा को जीत पर जनता का आभार व्यक्त किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने जनता का अभिवादन किया और कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए जनता का आभार जताया।

### मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने शक्ति केंद्र की बैठक को किया संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने अमरवाड़ा विधानसभा के शक्ति केंद्र के संयोजकों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। नेतागणों ने अमरवाड़ा उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा कि बूथ स्तर पर अथक परिश्रम व मेहनत से ही चुनाव में विजय मिली है। शक्ति केंद्र की बैठक में पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहाके, अमरवाड़ा विधानसभा के सह प्रभारी व विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला प्रभारी संतोष पारिक, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, नत्थन शाह, रमेश दुबे, टीकाराम चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भुम्मा गांव कें घरों में फिर घुसा बारिश का पानी सैकड़ों परिवार हुए प्रभावित



नवभारत न्यूज

**सौंसर, 16 जुलाई.. बारिश का पानी घरों में घुसने से भुम्मा गांव कें लोग बेहद परेशान है.मंगलवार को एक घंटे हुई बारिश से ग्रामीणों कें घरों में करीब एक फिट तक पानी भर गया.**

इसमें तीस से चालीस घर प्रभावित होने की खबर है.घरों कें अलावा आंगनवाड़ी और स्कूल में भी पानी भरने से अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है.बताया गया की कुछ लोंगों द्वारा पानी निकासी कें लिए सड़क कें बिच पाइप डालने का विरोध किया जा रहा है.जिसके चलते गांव कें ऊपरी हिस्से में स्थित घरों में बारिश का पानी जमा हो रहा है.

घरों में जलभराव होने से ग्रामीणों की खाने पीने की चीजों कें अलावा गृहस्थी का सामान खराब हो गया.घरेलू सामान कें प्रभावित होने से ग्रामीणों कें समक्ष भूखे मरने जैसे स्थिति है.समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है.मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार और लोकनिर्माण विभाग कें अधिकारियों को ग्रामीणों कें विरोध का सामना करना पड़ा.नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों नें बताया की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर परिवार सहित जिला मु यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा. इधर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल नें समस्या का हल शीर्घ निकालने की बात नवभारत से चर्चा कें दौरान कही.श्री पटेल नें कहा की लोकनिर्माण विभाग कें स बंधित उपयंत्री को चिन्हित स्थान पर पाइप डालने कें निर्देश दिये गए है.

गौरतलब हो की मोहगांव से नान्दनवाडी व्हाया भुम्मा सड़क बननें से गांव कें ऊपरी हिस्से कें घरों में बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है.सड़क कें ऊपर उठनें से लोकनिर्माण विभाग कें अधिकारी अब तक पानी निकासी की व्यवस्था यहां नहीं कर पाए है.

### जिले में अभी तक 314 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 314.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 467.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 16 जुलाई को प्रातः8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 16 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 17.2, मोहखेड़ में 15.2, अमरवाड़ा में 4.2, चौरई में 13, हर्रई में 20.2, बिछुआ में 6.2, जुन्नारदेव में 0.4 और चांद में 15.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# युवक ने खुद के पेट में मारा चाकू ,जांच में जुटी पुलिस

## खून से लहूलुहान हालत में चिकित्सालय लेकर पहुंचे परिजन, नागपुर रेफर

नवभारत न्यूज

**पांढुरना, 16 जुलाई.लोगों के तानों से आहत ग्राम गढमऊ के युवक ने अपने पेट में ही चाकू के प्रहार कर आत्महत्या का प्रयास किया, खुन से लहूलुहान युवक को परिजनों ने नगर के शासकीय चिकित्सालय लाया जहां इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है।** जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रहीं है ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरीय सीमा से लगे ग्राम गढमऊ में रहने वाले शेषराव आहके 45 ने मंगलवार को घर में रखे धारदार चाकू से अपने ही पेट पर कई प्रहार कर आत्महत्या का प्रयास किया, खुन से लहुलुहान हालत में परिजनों ने शेषराव को नगर मुख्यालय के शासकीय चिकित्सालय लाया जहां इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया, इस बात की जानकारी लगते ही घायल का बयान लेने चिकित्सालय पहुंचे पुलिस अधिकारियों को शेषराव आहाके के पुत्र अर्जुन आहके ने बताया कि बीते कुछ दिनों से गांव के कुछ लोग इसके पिता शेषराव को ताने मारा करते थे.

] इस बात को लेकर कुछ ग्रामीणों से इनका जमकर विवाद भी हुआ था, इसी बात से दुखी होकर इन्होंने मंगलवार को घर में रखे धारधार चाकू से अपने ही पेट पर हलमा कर दिया ।

अर्जुन आहके के बयान के आधार पर पुलिस जाँच करने में जूट गई है, वहीं घटना को लेकर ग्राम में अनेकों प्रकार की जनचर्चाओं का बाजार गर्म है। वहीं नागपुर रेफर शेषराव आहके की हालत चिंताजनक बताई जा रहीं है ।

### सिद्धार्थ जडेजा सांसद को भेंट की पत्रिका



**छिन्दवाड़ा,** प्रसिद्ध इंडिया टुडे पत्रिका सोशल मीडिया पर हिंदी अंग्रेजी संस्करण में नवनिर्वाचित सांसद विवेक साहू बंटी के विजय होने की उपलब्धि पर आलेख की प्रति कॉपी स्मृति के रूप में सिद्धार्थ जडेजा मोल ने सांसद को भेंट की जिसकी विवेक साहू ने प्रशंसा कर मोनू को बधाई देकर प्रशंसा की .ज्ञात हो सिद्धार्थ पत्रकार वनराज जडेजा के सुपुत्र हैं.

# जनसुनवाई में सुनी गई 129 आवेदकों की समस्याएं

नव भारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 16 जुलाई.राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है ।**

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम सुधीर जैन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 129 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । आज जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, फौती नामांतरण दर्ज करने, नल-जल व्यवस्था करने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी ।

एसडीएम श्री जैन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया ।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम राखीढाना के ग्रामवासियों ने सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने, छिंदवाड़ा नगर के ग्राम गुरैया के सुनील ठाकरे ने सड़क निर्माण पूर्ण कराने व वार्ड नंबर-03 के वार्डवासियों ने छापर रोड गुरैया में पाईपलाईन डलाने, खिलाड़ियों द्वारा नगर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में आने-जाने में हो रही परेशानियों को देखते हुये स्टेडियम ग्राउंड के सभी गेट खोले जाने, नगर के गणेश चौक के भूषणचन्द चौरसिया ने वार्ड क्रमांक-27 गणेश चौक के सामने से अतिक्रमण हटाने, नगर के दयानंद चौरसिया ने फव्वारा चौक स्थित यातायात सिग्नल पुनः प्रारंभ कराने, बरारीपुरा की श्रीमती कांती हिराउ ने खेत से आम रास्ता बनाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये । इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरपालिक निगम आयुक्त सी.पी.राय व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई.


# भराव करने कहा तो अधिकारियों ने लाइसेंस निरस्त करने दी धमकी

## गड्ढे में दे दिया प्लाट, भराव करने से इंकार कर रहा प्रबंधन

नव भारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 16 जुलाई.गुरैया थोक सब्जी मंडी में दोहरी कार्यप्रणाली चल रही है। एक तरफ लाइसेंसी दुकानदारों को हक की मांग करने पर उनके लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दी जाती है, तो दूसरी तरफ बिना लाइसेंस धारी लोग, लाइसेंसी दुकानदारों के सामने ही उनके कारोबार को नुकसान पहुंचा रहे हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ मंडी कुछ नहीं कर पा रही है।**

गुरैया सब्जी मंडी में विगत छह माह पहले आवंटित भूखंडों में से एक भूखंड लेने वाले धर्मेंद्र मंडराह ने जब मंडी प्रबंधन से खाई नुमा गड्ढे को भरने की बात कही तो उसे मंडी अधिकारियों ने लाइसेंस निरस्त करते हुए मंडी से बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी दे दी। धर्मेंद्र मंडराह ने बताया कि घर के जेवर, जमा पूंजी, लोन लेकर मंडी के उक्त भूखंड को करीब 11 लाख रुपए में लिया। लेकिन तब से अब तक उसका समतलीकरण नहीं किया गया, जिसके कारण उसे मंडी में खुली जगह पर ही तिरपाल



लगाकर बैठना पड़ता है। लाइसेंस होने के बावजूद उसे बार-बार मंडी प्रबंधन आकर वहां से हटने के लिए कहता है, ऐसे में लाखों रुपए लगाकर वह कहां से व्यापार करे। उल्लेखनीय है कि गड्ढे में भूखंड लेकर धर्मेंद्र सहित करीब दर्जन भर व्यापारी हैं जो समतलीकरण का इंतजार कर रहे हैं।

69 दुकानों में से दुकान नंबर 54 के मालिक राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि अपनी दुकान से वह सब्जी का कारोबार करते हैं। किसानों एवं अन्य फुटकर दुकानदारों से कारोबार उसी स्थान से होता है, लेकिन उनकी दुकान के बाहर बैठा एक व्यक्ति लाइसेंस नहीं होने के बाद भी आराम से काम काज करता है। मंडी के शेड में गैर लाइसेंसी व्यक्ति को बैठाया जा रहा है। उसे हटाया नहीं जाता। उनके ग्राहक पहले उस दुकानदार से बात करते हैं और सब्जी लेकर चले जाते हैं। राजेश कुशवाहा ने बताया कि यह वही व्यक्ति है जो कई बार मंडी में सब्जियां फैलाकर हंगामा कर चुका है। उसके कारण कई बार किसान भी अपने वाहन सहित दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### इनका कहना है

धर्मेंद्र मंडराह को दीनदयाल रसोई के पास, गड्ढे के पुराव होने तक जगह दी जा रही है, लेकिन वे अतिक्रमण स्थल पर ही बैठकर दुकान संचालित करना चाहते हैं, जो कि व्यवस्था बनाने के लिए संभव नहीं। वहीं बिना लाइसेंस लिए हुए मंडी में दुकानदारी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पहले ही मंडी के माध्यम से पुलिस में शिकायत की जा चुकी है, उस पर कार्रवाई पुलिस विभाग करेगा। **सुरेश परते, सचिव कृषि उपज मंडी कुसमेली**


आलीशान फर्नीचर
बेडरूम सेट 23,800/- से स्टार्ट
मॉडयूलर किचन 18,000/- रूपए से चालू
हाय ग्लास पॉलिश चौखट दरवाजे पर किया जाता है.
घर पहुंच सेवा उपलब्ध है.
0%
सिवनी रोड, रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने छिंदवाड़ा, मोबा.9009369787

12th pass bio group ke student ko prathmikta
COLLEGE NAME- (ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL EDUCATION SCIENCES)-PARASIA
DOCTOR COURSE- ( 2 Year and six months internship)
Website-aswfgovt.org.in
प्रधानमंत्री अपंजीकृत चिकित्सक उन्नयन योजना ( पंचवर्षीय)
प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा स्वीकृत उचित मांग सुझाव के साथ अनुमति
सामुदायिक स्वास्थ्य सेवांए एवं सर्जरी में डिप्लोमा
DIPLOMA IN COMMUNITY MEDICAL SERVICES & SURGERY
( दो वर्षीय एलोपैथीक चिकित्सा मेडिकल कोर्स )
आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा संपूर्ण भारत के लिए संचालित
सिद्धेश्वरी मंदिर के पास स्टेशन रोड परासिया जिला छिंदवाड़ा ( म .प्र . )
9752035979,7999408404,6263625347
प्रवेश प्रारंभ
सत्र 1 जुलाई से 15 जुलाई विलंब शुल्क 15 जुलाई से 25 जुलाई अतिरिक्त विलंब शुल्क 25 जुलाई से 31 जुलाई
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं भारत सरकार से मान्यता प्राप्त

आरोग्य हेल्थकेयर
MULTISPECIALIY HOSPITAL
जिले का एकमात्र कार्डिएक केयर हॉस्पिटल
24x7 Emergency Services
एन्जिोग्राफी, एन्जियोप्लास्टी, 2 डी ईको
सर्जिकल, क्रिटिकल, एक्सीडेंटल एवं ट्रॉमा केयर
नि:शुल्क पथरी के ऑपरेशन ,हड्डी के सभी प्रकार के ऑपरेशन, नि:शुल्क एन्जियोग्राफ्री एवं एन्जियोप्लास्टी आयुष्मान कार्ड धारको के लिए
हार्ड अटैक का संपूर्ण उपचार नि :शुल्क,आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत
परासिया रोड, पूजा होटल के पास, छिंदवाड़ा(म.प्र.) 6262640425, 6262640426 9425845755, 9691938897

भारत का अभियान ,हुनर हुआ बलवान, निखरता हुअर , संवरता भविष्य, बदलता इंडिया
प्रवेश प्रारंभ भारत सरकार( NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त
नवीन सतपुड़ा आई.टी.आई.
25 वर्षो से सफलतम संचालन का अनुभव
प्रवेश प्रारंभ नागपुर फायर सेफ्टी द्वारा संचालित शाखा
नवीन सतपुड़ा फायर सेफ्टी 1 वर्षीय पाठ्यक्रम
Govt. reg.M.H./1576/12 www.nvfse.in
प्रतिष्ठित कंपनियों का नियमित कैंपस
भारत शासन DGT&MSDE द्वारा जिले की सबसे अधिक ग्रेडिंग प्राप्त निजी संस्था
1 इलेक्ट्रिशियन(2 वर्ष) 2 डीजल मैकेनिक(1 वर्ष) 3 फिटर(2 वर्ष) 4 वेल्डर(1 वर्ष)
संपर्क करे:- 9111747471, 9479488444
पता:- नवीन सतपुडा आईटीआई के एम होटल के पीछे, रेलवे स्टेशन के पास, छिंदवाड़ा

विवांता क्रिटिकल केयर
24x7 Emergency Services
2D इको द्वारा हार्ट की जांच एंव हार्ट स्पेशलिस्ट द्वारा जांच मात्र 1000/- रू
यूरोलॉजिस्ट द्वारा नि:शुल्क परामर्श एंव यूरोफलोमेट्री, सिस्टोस्कोपी जॉच (दूरबीन द्वारा पेशाब की थैली की जॉच)
नि:शुल्क एंव CT यूरोग्राफी ~~6000~~= 2500/- मात्र
दिनांक 01 जून से 30 जून तक आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें
HELPLINE NO- 9709702191
देव हाइटस, LIC ऑफिस के बाजू में, परासिया रोड, छिंदवाड़ा



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589